हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025

04 लव जिहाद, लैंड जिहाद और धर्मांतरण के विरोध...


07 दीनदयाल रसोई योजना 5 रुपए में भरपेट भोजन...




सीहोर जिले के भैरूंदा में भाजपा नेता के नर्मदा अस्पताल का मामला, जिम्मेदार अधिकारी शिकायत मिलने के इंतजार में

# 10 मिनट इलाज, 11 हजार रुपए का बिल, महिला की मौत के बाद अस्पताल ने नहीं दिया बिना बिल के शव


## सीएमएचओ, बीएमओ को शिकायत का इंतजार, इतनी बड़ी लापरवाही पर भी स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एक तरफ भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा कार्य करने में जुटी हुई है, लेकिन सीहोर जिले के भैरूंदा में भाजपा नेता के नर्मदा अस्पताल में ही इंसानियत को तार-तार कर देने वाला मामला सामने आया है।

नर्मदा अस्पताल में 10 मिनट के लिए भर्ती हुई एक आदिवासी महिला का अस्पताल द्वारा 11 हजार रुपए का बिल बना दिया गया। इसके बाद बिल नहीं भरने पर महिला का शव भी नहीं दिया। इस मामले में अस्पताल स्टाफ द्वारा पुलिस को भी तीन घंटे तक गुमराह किया जाता रहा। बाद में सख्ती के बाद शव सौंपा। इस बेहद गंभीर मामले में भी सीएमएचओ सीहोर डॉ. सुधीर डेहरिया एवं बीएमओ भैरूंदा डॉ. मनीष सारस्वत शिकायत का इंतजार कर रहे हैं। एसडीएम भैरूंदा सुधीर कुशवाह ने बात करने का आश्वासन जरूर दिया है।

जानकारी के अनुसार गत रात्रि को करीब 11 बजे दुर्घटना का शिकार हुई फुलवती बारेला पत्नी छोटेलाल बारेला उम्र 22 वर्ष निवासी सनकोटा को इलाज के लिए पहले लाड़कुई स्थित सामुदायित स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। यहां से डॉक्टरों ने भैरूंदा स्थित सिविल अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। जब महिला के परिजन उसे भैरूंदा स्थित सिविल अस्पताल लाए तो यहां भी डॉक्टरों ने स्थिति देखकर हाथ खड़े कर दिए और महिला को और कहीं ले जाने को कहा। इसके बाद दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महिला फूलवती बाई के पति छोटेलाल बारेला, महिला के पिता गणेश बारेला उसे लेकर भैरूंदा स्थित नर्मदा अस्पताल पहुंचे। यहां भर्ती करने के महज 10 मिनट बाद फूलवती बाई का निधन हो गया। यहां पर नर्मदा अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ ने 10 मिनट के इलाज में 11 हजार रुपए का बिल बना दिया। परिजनों से बिल के पैसे मांगे तो उनके पास इतने पैसे नहीं थे। अस्पताल स्टाफ ने शव देने से ही मना कर दिया।





इस दौरान अस्पताल द्वारा थाने को सूचना दी गई, इस पर थाने से स्टाफ पहुंचा। यहां पर पुलिस स्टाफ को भी अस्पताल द्वारा तीन घंटे तक गुमराह किया जाता रहा। सख्ती के बाद महिला का शव सौंपा गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

**वायरल वीडियो ने खोली पोल :** इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें अस्पताल प्रबंधन की पोल खुली। रात करीब 2 बजे तक जब परिजन मिन्नतें करते रहे, लेकिन अस्पताल का स्टाफ नहीं पिघला। वीडियो में पुलिसकर्मी आरएस यादव अस्पताल स्टाफ से कह रहे हैं कि आप लोग दो घंटे से डेड बॉडी को रोके हुए हैं। यह सरासर गलत है। थाने में मर्ग कायम हो गया है, जबरदस्ती पैसे के लिए शव को रख रखा है। दूसरी ओर अस्पताल का कर्मचारी बेखौफ होकर पुलिसकर्मी की नेम प्लेट का वीडियो बनाता है और बिल न चुकाने की बात दोहराता है।

**पहले भी नर्मदा अस्पताल रहा चर्चाओं में :** नर्मदा अस्पताल होशंगाबाद के भाजपा नेता का है। होशंगाबाद, भोपाल में भी उनके बड़े अस्पताल हैं। भैरूंदा में भी इसकी एक ब्रांच खोली गई है। भैरूंदा स्थित नर्मदा अस्पताल पहले भी कई बार सुर्खियों में रहा। यहां पर आए दिन लापरवाही सामने आती रहती है। पहले भी कई बार मरीजों के साथ इस तरह के व्यवहार सामने आए। एक्सपायरी दवाएं भी यहां पर मरीजों को दे दी गई। अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर भी नहीं हैं, लेकिन इसके बाद जिम्मेदार मौन हैं।

### जिम्मेदारों को है शिकायत का इंतजार

इस बेहद गंभीर मामले में सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया का कहना है कि उन्हें अब तक शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं बीएमओ भैरूंदा डॉ. मनीष सारस्वत का कहना है कि उन्हें भी अब तक किसी ने लिखित शिकायत नहीं की है। भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाहा ने कहा कि वे इस मामले में चर्चा करेंगे।

## खबर संक्षेप

### सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए 24 तक करें आवेदन किसान

**सीहोर**। कृषि विभाग ने आत्मा योजना के तहत राज्य, जिला और विकासखंड स्तर पर सर्वोत्तम कृषक और कृषक समूह पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे हैं। अंतिम तिथि 24 अक्टूबर तय की गई है। किसान कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, रेशम पालन, उद्यानिकी और कृषि अभियांत्रिकी में किए गए नवाचार, तकनीकी विस्तार, फसल, उपज और उत्पादकता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। कृषक समूह पुरस्कार के लिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि प्रसंस्करण और रेशम पालन से जुड़े समूह आवेदन कर सकते हैं।

### 14 को सीहोर में रोजगार मेले का होगा आयोजन

**सीहोर**। डॉ. अंबेडकर शासकीय महिला आईटीआई में 14 अक्टूबर को युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेला लगेगा। मेला सुबह 11 बजे शुरू होगा। इसमें निजी क्षेत्र की 14 कंपनियां शामिल होंगी। कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फाइनेंस एडवाइजर, मशीन ऑपरेटर, पैकर्स, प्रमोटर, सिक्योरिटी गार्ड, अप्रेंटिसशिप, ऑपरेटर, फिटर, एसी मैकेनिक, मोटर वाइंडर, सीआरपी ऑपरेटर, यूटिलिटी फिटर और बैंकिंग क्षेत्र के अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक और अन्य मूल प्रमाणपत्रों के साथ शासकीय आईटीआई सीहोर में उपस्थित हो सकते हैं।

### मुख्य बाजार में ठेला लगाने पर प्रतिबंध, उल्लंघन पर जब्ती और चालानी कार्रवाई

**सीहोर**। दीपावली पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, शहर के बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमडऩे लगी है। इस बढ़ती भीड़ और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। प्रशासन ने अब भीड़ भाड़ वाले मुख्य बाजार में अव्यवस्था फैलाने वाले ठेला विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। नगर पालिका प्रशासन ने शुक्रवार से शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में किसी भी प्रकार के ठेले या हाथगाड़ी लगाने पर पूरी तरह मनाही कर दी है। आज गुरुवार को नगर पालिका की गाड़ी ने मुख्य बाजार में घूमकर लाउडस्पीकर से अलाउंसमेंट किया। ठेला संचालकों को सख्त चेतावनी दी गई है कि शुक्रवार से यदि मुख्य बाजार क्षेत्र में ठेला पाया गया तो उसे तत्काल जब्त कर लिया जाएगा और नियमानुसार चालानी कार्रवाई भी की जाएगी।

**पर्व में बचे अब 10 दिन :** दीपावली पर्व में अब महज 10 दिन का समय शेष रह गया है। पर्व के नजदीक आते ही शहर के बाजार में ग्राहकों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। मुख्य मार्गों और बाजारों में ठेले लगने के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था, जिससे पैदल चलने वालों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सुविधा और भीड़ नियंत्रण के उद्देश्य से नगर पालिका प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। ठेले नहीं होने से मुख्य बाजार में खरीदी के लिए आने वाले लोगों को सुविधा होगी और यातायात जाम की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी।



## खबर संक्षेप



### अधिकारियों ने किया खाद-बीज विक्रय केंद्रों का निरीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में खाद बीज के सुचारू वितरण सुनिश्चित करने और कालाबाजारी को रोकने के उद्देश्य से सभी विकासखंडों में कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा खाद-बीज विक्रय केंद्रों एवं गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में 08 अक्टूबर को राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा अनेक खाद-बीज विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के अधिकारियों ने उपलब्ध स्टॉक, वितरण पंजी, बिक्री मूल्य एवं किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने विक्रेताओं को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर एवं निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराया जाए।

### आरोपियों के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# लव जिहाद, लैंड जिहाद और धर्मांतरण के विरोध में हिंदू संगठनों ने रैली निकाली

रैली में लोग लव जिहाद, लैंड जिहाद और धर्मांतरण के आरोपियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





देशभर में लगातार बढ़ रही लव जिहाद , लैंड जिहाद और धर्मांतरण के विरोध में गुरुवार को सकल हिन्दू सनातनी समाज द्वारा धर्म बचाओ समिति की ब्लांक इकाई के नेतृत्व में एक जन आक्रोश रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। यह रैली गीलावनी माता मंदिर दशहरा मैदान से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची । जहां एसडीएम स्वाति मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा।

रैली में लोग लव जिहाद , लैंड जिहाद और धर्मांतरण के आरोपियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। ज्ञापन में धर्मांतरण के आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने को लेकर सख्त कानून बनाने , शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर संचालित होने वाली ऐसी संस्थाएं जो धर्मांतरण में शामिल हैं उनको तत्काल प्रभाव से बंद करने के साथ ही विदेशों से फंडिंग होने वाले एनजीओ जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लोगों को आर्थिक सहायता देकर उन्हें धर्मांतरण के लिए उकसाते हैं उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें बंद करने की मांग की गई। जनजातीय समुदाय को बनाया जा रहा है मोहरा - बजरंग दल के जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा का कहना है कि क्षेत्र के जंगलों में बसे जनजातीय समुदाय के लोग जो खेती बाड़ी एवं मेहनत मजदूरी कर अपना भरण-पोषण करते हैं उन्हें मिशनरी के लोग स्वास्थ्य और शिक्षा एवं आर्थिक सहायता के नाम पर बहाल फुसलाकर उनका धर्मांतरण कर रहे है। क्षेत्र में ऐसी घटनाएं लगातार हो रही है।

इससे जनजातीय समुदाय की कई जातियां विलुप्ति की कगार पर पहुंच गई है। इसके अलावा लव जिहाद व लैंड जिहाद की घटनाएं भी लगातार प्रकाश में आ रही है। इससे संपूर्ण हिन्दू सनातनी समाज चिंतित और आक्रोशित हैं। बजरंग दल जिला प्रमुख श्री कुशवाह ने चेतावनी देते हुए कहा कि शासन, प्रशासन को जिहादियों और धर्मांतरण के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएं। नहीं तो धर्म की रक्षा के लिए सनातनी हिन्दू समाज को कठोर कदम उठाने को मजबूर होना पड़ेगा।

## राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने की सांसद खेल महोत्सव की गतिविधियों की समीक्षा




**सीहोर।** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा द्वारा इछावर जनपद पंचायत सभाकक्ष में सांसद खेल महोत्सव-2025 के के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सांसद खेल महोत्सव के तहत 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक ग्राम, मंडल तथा जिला स्तर पर आयोजित की जा रही खेल प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को महोत्सव के कैलेंडर के अनुसार सभी खेल गतिविधियां आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट (खेलो इंडिया) तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश. द्वारा सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य युवा, दिव्यांग, वृद्धजनों सहित सभी प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित एवं प्रेरित करना, ग्रामीण तथा शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करना और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देना है। सांसद खेल महोत्सव के तहत पंचायत स्तर पर खो-खो, कबड्डी एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसी प्रकार मंडल एवं जिला स्तर पर क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने इछावर के खेल मैदान की भी निरीक्षण किया। बैठक में जगदीश पटेल, एसडीएम स्वाति मिश्रा, जनपद सीईओ नमिता बघेल, रूषाली पोरस, तहसीलदार डॉ अमित सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## पथ संचलन में हो सकते है शामिल दस हजार गणवेशधारी स्वयं सेवक

### स्वयं सेवक कार्यकर्ताओं से विधायक राय ने की अपील



**सीहोर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सीहोर में इतिहास रचने जा रहा है। रविवार 12 अक्टूबर को 10 हजार पूर्ण गणवेश धारी स्वयंसेवको की बड़ी संख्या के साथ विशाल ऐतिहासिक पथ संचलन शहर में निकालने की तैयारी कर ली गई है। सीहोर विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुदेश राय ने भी संघ के जिला कार्यालय पहुंचकर RSS की टोपी सफेद शर्ट कत्थई कलर की पेंट मोजे और काले जूते खरीद लिए हैं। संघ के जिला प्रचारक के दिशा निर्देशन में शहर की सभी बस्तियों में और आसपास के ग्रामीण अंचलों नगरों कस्बों में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा पथ संचलन निकाले जा चुके हैं अब राष्ट्र स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ताओं के द्वारा पूरी तरह से 12 अक्टूबर रविवार की तैयारी की जा रही है। बाल विहार मैदान से ध्वजा प्रणाम के बाद विशाल पथ संचालन निकाला जाएगा।

हिंदुत्व के लिए सक्रिय समर्पित भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुदेश राय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सीहोर में रविवार 12 अक्टूबर को निकल जाने वाले पथ संचालन में शामिल होने की अपील की है।

## ब्लू बर्ड स्कूल के 11 खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ब्लू बर्ड स्कूल के 11 छात्रों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का किया। पूर्व में चेस, खो-खो, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, कला एवं बालरंग में लोकगीत प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल के विद्यार्थियों ने संभाग एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्कूल का परचम लहराया है। अब क्रिकेट में भी विद्यार्थियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

इस बार विशेष बात यह रही कि क्रिकेट में न केवल बालकों ने बल्कि बालिकाओं ने भी शानदार प्रदर्शन किया।स्कूल गेम्स की क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान संभाग स्तर के लिए अंडर-14 बॉयज़ वर्ग में अनंत मेवाड़ा, आनंद मेवाड़ा, मोहित मेवाड़ा और धैर्य ठाकुर का चयन हुआ। वहीं अंडर-17 बॉयज़ वर्ग में हिमांशु चंद्रवंशी, दर्शिल समधियान, देव कुशवाहा एवं आदेश परमार ने स्थान बनाया। जहाँ स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया, वहीं छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग में आशीका जैन, आरोही मालवीय और अंजलि शुक्ला ने अपना स्थान सुनिश्चित किया।

इन सभी खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। खिलाड़ियों को क्रिकेट कोच चेतन मेवाड़ा ने प्रशिक्षण दिया है।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, प्रशिक्षकों और परिजनों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि वे विदिशा में होने वाली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सीहोर का नाम रोशन करेंगे।

## नगर में निकाला पथ संचलन,कई स्थानों पर हुआ स्वागत



**बुधनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर के दशहरा मैदान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के पश्चात नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पथ संचलन निकाला गया, जिसका नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दशहरा मैदान से हुई जहां मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी केशवदास जी, विभाग प्रचारक धर्मेन्द्र जी (राजगढ़) एवं संघ के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधियों सहित अनेक गणमान्य नागरिकों उपस्थित रहे। विभाग प्रचारक धर्मेन्द्र जी ने मंच से संबोधित करते हुए संघ की 100 वर्षों की प्रेरणादायक यात्रा पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि ꠳राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का कार्य कर रहा है और राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका सराहनीय रही है। इसके पश्चात दशहरा मैदान से पथ संचलन की शुरुआत हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः दशहरा मैदान पर आकर समाप्त हुआ



इस दौरान स्वयंसेवकों की अनुशासित कतारें, हाथों में दंड और कदमताल करती हुई टोलियाँ नगर के नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं। नगरवासियों ने पथ संचलन का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। लोगों ने इसे राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे नगर के मुख्य चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। पथ संचलन के उपरांत कार्यक्रम का समापन पुनः दशहरा मैदान पर किया गया, जहां उपस्थित स्वयंसेवकों और नागरिकों ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## मद्य निषेध सप्ताह जैसें आयोजनों से छात्रों में सामाजिक जागरूकता बढ़ती है : डॉ. बीना जे. कुरियन






**सीहोर।** स्थानीय द ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर में महात्मा गांधी जी की 156वीं जयंती के उपलक्ष्य में 2 से 8 अक्टूबर 2025 तक नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मद्य निषेध सप्ताह मनाया गया।

इस अवसर पर समाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सीहोर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय रैली में विद्यालय के बैंड ग्रुप ने नेतृत्व किया। छात्रों को कुशल नेतृत्व के लिए प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम में निबंध लेखन, भाषण, पोस्टर मेकिंग और नुक्कड़ नाटक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं तथा विजयी छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि अति. पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने छात्रों को नशामुक्ति का संदेश देते हुए उनकी सराहना की। प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में सामाजिक जागरूकता बढ़ती है। संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन ने छात्रों को नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

एड. जॉली कुरियन, प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन तथा सभी शिक्षकों ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मरीह माता मंदिर के विकास कार्य के लिए कन्या से कराया 31 लाख का भूमि-पूजन

# दुधिया रोशनी से जगमगाया मरीह माता मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के विश्रामघाट मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर आगामी दिनों में अब हाईमास्क की रोशनी से सराबोर नजर आएगा। इसके अलावा यहां पर नगर पालिका के द्वारा हाई मास्क और टीन शेड और डामरीकरण निर्माण आदि किया जाएगा। गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने मरीह माता मंदिर पर 31 लाख के विकास कार्य का भूमि पूजन कन्याओं और मातृ शक्ति से कराया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कहा कि भाजपा विकास के साथ सनातन धर्म को लेकर चलती है, जिसके कारण वर्तमान नगर पालिका परिषद के द्वारा दो दर्जन से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार किया गया है। शहर को स्वच्छ रखने के साथ विकसित करने की जिम्मेदारी हम सबकी है। उन्होंने कहाकि प्रसिद्ध माता मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है, यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को बारिश और धूप से बचने के लिए लाखों रुपए की लागत से टीन शेड का निर्माण कार्य शीघ्र हो जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि मंदिर के व्यस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाडा सहित अन्य श्रद्धालुओं के अनुरोध पर निर्णय पूर्व में स्थानीय पार्षद एवं नगर पालिका के उपाध्यक्ष विपिन शास्ता से चर्चा कर मंदिर परिसर में होने वाले निर्माण कार्य की रूपरेखा तैयार करने की बात कही थी। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक के अलावा श्रद्धालु जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य मौजूद थे, लेकिन अब क्षेत्रवासियों की मांग पर शीघ्र ही यहां पर टीन शेड आदि का निर्माण किया जाएगा और प्रकाश व्यवस्था हो जाएगी।

गुरुवार को चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर परिसर में पूर्ण विधि विधान से माता देवी की आरती पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात दोपहर में प्रसादी का वितरण किया गया। भूमि पूजन के दौरान भाजपा महामंत्री राजकुमार गुप्ता, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, राजेश मांझी, अर्जुन राठौर, राहुल राय, कमलेश राठौर, विजेन्द्र परमार, अजय राजपूत, कमलेश कुशवाहा, मांगीलाल मालवीय, आशुतोष त्यागी, आशीष पचौरी, राजेश परिहार, धर्मेन्द्र माहेश्वरी आदि शामिल थे। कार्यक्रम के पश्चात मंदिर की ओर से रोहित मेवाड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पिच और ग्राउंड को दिया जा रहा नया लुक, होगी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर का एकमात्र क्रिकेट मैदान बीएसआई ग्राउंड इन दिनों नए रूप में तैयार किया जा रहा है। यहां पिच और ग्राउंड को नया लुक दिया जा रहा है ताकि आने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। मैदान पर समतलीकरण और पौधारोपण का काम तेजी से चल रहा है।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बीएसआई मैदान की पिच जल्द ही नए स्वरूप में दिखेगी। ग्राउंड को समतल बनाया जा रहा है और इसके बाद हरी घास लगाई जाएगी। 70 गज की बाउंड्री वाले इस मैदान पर पिचों को भी नया लुक दिया जा रहा है। इस काम पर हजारों रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

**प्रतिदिन सैकड़ों बच्चों को मिल रही ट्रेनिंग :** यह कार्य एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी और अन्य की देखरेख में किया जा रहा है।

प्रतिदिन सैकड़ों बच्चे यहां क्रिकेट का अभ्यास करते हैं और अकादमियां खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण देती हैं। आगामी प्रतियोगिताओं के संबंध में सचिव अतुल तिवारी और अन्य पदाधिकारियों ने मैदान का निरीक्षण किया। दीपावली के बाद भोपाल क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से यहां ट्रायल मैच और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

क्रिकेट पिच पर घास लगाने और समतलीकरण का काम बहुत जरूरी है। इससे पिच समतल और स्थिर रहती है, जिससे बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों को समान अवसर मिलते हैं। क्रिकेट अकादमियां युवा खिलाड़ियों को खेल में कौशल और अनुभव देती हैं, जिससे वे अपने खेल को बेहतर बना सकें और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में सफलता पा सकें।

## गरीबों के हक पर डाका- शासन के नियमों की उड़ रही धज्जियां

# दीनदयाल रसोई योजना 5 रुपए में भरपेट भोजन, सारंगपुर में वसूले जा रहे 10 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रदेश सरकार द्वारा गरीब, असहाय, मजदूर वर्ग और जरूरतमंद लोगों के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना का उद्देश्य शहरों में कोई भूखा न रहे, यह सुनिश्चित करना है। इस योजना के तहत शासन द्वारा प्रति थाली मात्र 5 रुपए में भरपेट भोजन देने का प्रावधान है, जबकि भोजन की शेष राशि का वहन शासन स्वयं करता है। लेकिन सारंगपुर नगर में इस योजना का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और लाभार्थियों का कहना है कि यहाँ रसोई केंद्र पर प्रति थाली 10 रुपए वसूले जा रहे हैं, जबकि शासन की दर केवल 5 रुपए तय है। इससे गरीब मजदूर वर्ग, रिक्शा चालक, और असहाय व्यक्ति आर्थिक रूप से परेशान हैं।



फाइल फोटो

### क्या कहते हैं नियम

राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कृ योजना के अंतर्गत लाभार्थी से केवल 5 रुपए ही लिए जा सकते हैं। रसोई केंद्र का संचालन स्थानीय निकाय (नगर पालिका) और स्व-सहायता समूहों की देखरेख में होना चाहिए। भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और उचित दरों की निगरानी के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी और जिला प्रशासन जिम्मेदार हैं।

### स्थानीय लोगों की शिकायत

रसोई में भोजन करने आने वाले लोगों का कहना है कि पहले कुछ महीनों तक भोजन 5 रुपए में मिलता था, परंतु अब संचालक 10 रुपए प्रति थाली वसूल रहे हैं। "गरीबों के लिए बनी योजना अब मुनाफे का साधन बन गई है," ऐसा कहना है नगर के मजदूर वर्ग का।

### इनका कहना है...

आपके द्वारा बताया गया हैं जांच करवाई जायेगी।

ज्योति सुनेरे सीएमओ सारंगपुर,

### जवाबदेही किसकी?

नगर के नागरिकों ने सवाल उठाया है कि यदि शासन द्वारा 5 रुपए की दर तय है, तो 10 रुपए वसूलना अनियमितता और नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने जिला प्रशासन और नगर पालिका से जांच कर कार्रवाई की मांग की है ताकि गरीबों को उनका हक मिल सके।

### जनता की अपील

स्थानीय समाजसेवी ओम पुष्पद एवं कैलाश शर्मा सहित नागरिकों ने अपील की है कि इस मामले की जांच कराई जाए और दोषी संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गरीबों को शासन की मंशा के अनुरूप सस्ता और भरपेट भोजन मिल सके।

---

## पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामला जांच में लिया

# घर से स्कूल आ रहे छात्र पर बदमाशों ने ब्लेड से किया हमला



**राजगढ़।** शहर के एक निजी स्कूल में अध्ययनरत छात्र पर बुधवार सुबह खोयरी रोड पर बाईक सवार 3 नकाबपोश बदमाशों ने अचानक हमला कर दिया। बदमाशों ने छात्र पर ब्लेड से कई जगह वार किए जिसमें वो बुरी तरह घायल हो गया। बाद में हमलावर मौके से भाग निकले। घटना के बाद छात्र और परिजन कोतवाली थाने पहुंचे और इस संबंध में एफआईआर दर्ज करवाई।

जानकारी के अनुसार रसूलपुरा निवासी कक्षा 11वीं में अध्ययनरत नाबालिग छात्र बुधवार सुबह करीब 8.30 बजे अपनी स्कूटी से राजगढ़ आ रहा था। इस दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार 3 अज्ञात व्यक्ति आए और छात्र के साथ गाली-गलौच करने लगे। उक्त तीनों व्यक्तियों ने चेहरे पर रूमाल आदि बांध रखे थे। इन तीन में से दो व्यक्तियों ने छात्र को पकड़ लिया और तीसरे ने उस पर धारदार ब्लेड से हाथ, पेट, पैर पर कई वार कर किए और बाद में तीनों भाग निकले। पीछे से आ रहे छात्र के अन्य साथियों ने उसे सम्हाला और परिजनों को इत्तिला दी। घटना के बाद सभी कोतवाली थाने पहुंचे और पूरी आपबीती सुनाई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है।

### रात्रि में भी छात्र को किया गया था फोन

घटना में घायल छात्र के पिता तौफीक अली ने बताया कि न तो उनके बेटे की स्कूल में किसी से लड़ाई हुई और न ही उनके साथ कभी किसी का झगड़ा हुआ है। श्री तौफीक के अनुसार मंगलवार रात्रि एक अननोन नंबर से किसी व्यक्ति ने उनके बेट को फोन जरूर किया था। पुलिस उक्त नंबर के संबंध में पड़ताल कर रही है।

---

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान संपन्न

# दृष्टि दिवस महिला नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



**कुरावर।** बुधवार सुबह महिला बाल विकास विभाग एवं विजिटिंग पीडिया आई द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान विश्व दृष्टि दिवस महिला नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने कहा की घर में यदि महिला स्वास्थ है तो परिवार ठीक चलता है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण होना भी अति आवश्यक है, लेकिन घर में जो मां होती है वह स्वयं एक औषधि होती है हमेशा हमें परिवारों में बालिकाओं को पढ़ना चाहिए। प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने बेटियों को वरदान मानकर उनके लिए पढ़ाई की चिंता की है कन्यादान योजना चलाई है महिलाएं आत्मनिर्भर बने इसके लिए लाडली बहन योजना चला कर उनका सम्मान दिया है। नारी सशक्तिकरण के माध्यम से मातृ शक्ति को मजबूत बनाने का काम भाजपा सरकारों ने किया है हर वर्ग की चिंता सरकार ने की है हम जिन दो नेत्रों से देखते हैं उनकी सुरक्षा करना हम सब का कर्तव्य है समय-समय पर इनका परीक्षण हमें करवा लेना चाहिए। कार्यक्रम को नेत्रचिकित्सक डॉ शकील अहमद, डॉ पवन चैरसिया, महिला बाल विकास की परियोजना अधिकारी दिव्या तिर्की ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन दीपक सक्सेना चित्रांश ने किया। उपस्थित महिलाओं का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण भी हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वाला प्रसाद चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर दिनेशमंडलोई, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश दांगी, भाजपा के वरिष्ठ नेता मोती सिंह बिलहरी, मंडल महामंत्री रामेश्वर नायक, मंडल उपाध्यक्ष मुरारी मीणा, हेमराज चौधरी मौजूद रहे।

---

# मंत्री टेटवाल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, किसानों को राहत राशि दिलाने की मांग



**सारंगपुर।** राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने राजगढ़ जिले के समग्र विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की।मंत्री टेटवाल ने किसानों कीसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्वासन दिया कि सोयाबीन राहत की राशि शीघ्र ही किसानों के खातों में जमा कराई जाएगी, जिससे उन्हें त्वरित राहत मिल सके।बैठक में क्षेत्र में चल रहे बुनियादी ढांचा निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल प्रबंधन और रोजगार सृजन जैसे विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। साथ ही आगामी योजनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि विकास कार्यों को और अधिक गति दी जाएगी तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

---

## लीड महाविद्यालय में रंगोली, चित्रकला व अन्य प्रतियोगिताएं हुईं आयोजित

# युवा उत्सवः विद्यार्थियों ने अलग-अलग विधाओं में दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय लीड महाविद्यालय में तीन दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक, रूपांकन आदि गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। युवा उत्सव जिला समन्वयक डॉ. शेलेंद्र मेवाडे ने युवा उत्सव के तहत होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि युवा उत्सव अंतर्गत साहित्यिक, सांस्कृतिक, सांगीतिक तथा रूपांकन गतिविधियों सहित 22 प्रकार की विधाएं हैं। इन विधाओं में सम्मिलित होकर विद्यार्थी अपनी पसंदीदा विधा में कौशल का विकास कर सकता है। प्राचार्य डॉ. खरे द्वारा बताया कि शासन द्वारा चलाया जा रहा यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास में बहुत प्रभावी भूमिका का निर्वहन करता है।



### विभिन्न विधाओं में ये रहे विजेता

संस्था स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में रंगोली में भगवती त्यागी प्रथम, दिनेश दांगी द्वितीय एवं नीतू यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में आलिया खान प्रथम, शिवानी रघुवंशी द्वितीय एवं बुलबुल सेन तृतीय स्थान पर रहीं। स्थल चित्रण प्रतियोगिता में पवन सिंह चैहान, पूजा वर्मा एवं कोमल सौंधिया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह भावना देवलिया, आकांक्षा यादव, उमा भारती मेवाडे, पवन सिंह चैहान राजमोहन नरवरिया ने भी प्रतियोगिता में विभिन्न स्थान प्राप्त किए।

---

## आर्थिक व मानसिक समस्याओं से जूझ रहे कर्मचारी

# 6-7 माह से नहीं मिल रहा कर्मचारियों को वेतन, मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**ब्यावरा।** समस्त कर्मचारियों का वेतन, जो 9-7-5 माह से लगातार नहीं मिल रहा है, जिससे सभी कर्मचारियों को मूलभूत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक एवं मानसिक समस्याओं से पूरा परिवार जूझ रहा है। सभी कर्मचारियों का 2011 से भविष्य निधि का पैसा काटा जा रहा है, उसका भी कोई हिसाब किताब नहीं है। 126 सफाई कर्मचारियों से पूरे ब्यावरा नगर की सफाई कर्मचारीयों सफाई कराई जाती है। शहर काफी बढ़ चुका है, कर्मचारी काम है और भी कर्मचारी बढ़ाया जाए, सभी मांगों को लेकर आज मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार को तहसील अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि ने अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

---

## पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने साथ बैठकर खाया खाना

# पार्टी को परिवार मानते कांग्रेस की टिफिन पार्टी



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़

कांग्रेस पार्टी की कमान अब पूर्व केबिनेट मंत्री प्रियवृत सिंह के हाथों में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं को एकजुट करने नई ऊर्जा के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस द्वारा बुधवार को स्थानीय मोहनपुरा डैम पर टिफिन पार्टी का आयोजन करवाया गया।

पहली बार कांग्रेस द्वारा इस तरह की टिफिन पार्टी सह जिला बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी ने एक परिवार की तरह साथ बैठकर एक साथ भोजन किया। पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने-अपने घरों से भोजन तैयार करवाकर लाए थे। सभी ने एक परिसर के नीचे साथ बैठकर खाना खाया। यह टिफिन पार्टी सिर्फ आमोद-प्रमोद और मनोरंजन के लिए ही नहीं बल्कि पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करने का माध्यम भी बनी। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, रामचंद्र दांगी, गिरीश भंडारी सहित पार्टी के अनेकों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# कृषि भूमि का रास्ता खुलवाने हेतु जिला कलेक्टर को दिया आवेदन

**जीरापुर।** जिला कलेक्टर को एक आवेदन प्रेषित करते हुए आवेदन कर्ता भेरूलाल , रतिराम पिता कालूराम , रामलाल पिता पूरा , रोड़ीबाई पति रूप सिंह , गोविंद पिता नानुराम , राधेश्याम पिता कंवरलाल जाति गुर्जर सभी निवासी जीरापुर ने आवेदन में उल्लेख किया कि लगभग 22 बीघा कृषि भूमि स्थित है। आवेदन कर्ता ने कहा कि हम हमारे पूर्वज सनातन काल से इस भूमि पर कृषि कार्य करते चले आ रहे हैं उक्त कृषि भूमि में आने-जाने एवं कृषि उपकरण लाने ले जाने के लिए हम सर्वे नंबर 1110 और सर्वे नंबर 1120/ 2 जो की



क्रमशः कांतिबाई पिता गोपाल ध्पति फूल सिंह दांगी और गोकुल पिता नंदराम गुर्जर के बीच निकलते आ रहे थे। यही एकमात्र रास्ता है पहले कांति बाई उसके परिवार वाले ने फिर गोकुल पिता नंदराम ने रास्ता बंद कर दिया। जिससे हमें न्यायालय तहसील जीरापुर में आवेदन देकर प्रकरण प्रस्तुत किया। जिसमें दो माह तक कार्रवाई सुनवाई स्थल निरीक्षण और वकीलों की बहस तथा गोकुल द्वारा 5 फीट रास्ता देने की सहमति आदि सब होने के बाद तहसीलदार द्वारा रास्ता खुलवाने का अंतरिम आदेश दिनांक 4 सितंबर 2025 होने के बाद भी कांतिबाई उसके परिजन अपने प्रभुत्व और दबाव के बल पर 10 दिनों से रास्ता खोलने नहीं दिया। 19 सितंबर 2025 को राजस्व और पुलिस की उपस्थिति में रास्ता खोलने के लिए टीम गई । लेकिन कांतिबाई नामक महिला ने उस दौरान कीटनाशक दवाई छिड़ककर रास्ता नहीं खोलना दिया।

---

# खाटू श्याम मंदिर परिसर में विशाल कन्या भोज व भंडारे का आयोजन



**ब्यावरा।** नगर में स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर के माता हरसिद्धि मंदिर में नवरात्रि महोत्सव के समापन के बाद बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ विशाल कन्या भोज एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नगर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सबसे पहले माता हरसिद्धि और बाबा खाटू श्याम जी की विशेष पूजा-अर्चना और आरती की गई। इसके बाद पारंपरिक विधि-विधान के साथ कन्याओं का पूजन किया गया। मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं महिलाओं ने कन्याओं के चरण पखारे और चुनरी ओढ़ाकर उन्हें देवी स्वरूप मानकर भेंट स्वरूप उपहार प्रदान किए। इसके साथ ही कन्याओं को स्वादिष्ट भोजन प्रसाद भी परोसा गया। नवरात्रि के नौ दिनों के दौरान मंदिर में प्रतिदिन विशेष पूजा-पाठ, आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। इन धार्मिक आयोजनों में नगर के श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। समापन अवसर पर आयोजित भंडारे में भक्तों की लंबी कतारें लगीं और सभी ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान मंदिर परिसर में मां के जयकारों और भक्ति गीतों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में धार्मिक एकता और भक्ति भाव का संचार होता है। कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठन श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

## स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन की संयुक्त टीम ने ब्यावरा शहर में की कार्रवाई

# आयुर्वेद की आड़ में कर रहे थे एलोपैथिक उपचार, 3 क्लीनिकों पर दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लंबे समय बाद स्वास्थ्य विभाग ने आयुर्वेदिक दवाओं से उपचार की आड़ में एलोपैथिक दवाइयों के क्लीनिक खोलकर बैठे झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही शुरू की है। इसी कड़ी में प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बुधवार को ब्यावरा ब्लॉक में 3 फर्जी क्लीनिकों पर बड़ी कार्यवाही की है।

इन क्लीनिकों के संचालकों के पास स्वास्थ्य विभाग से जारी किसी तरह का कोई पंजीयन न पाए जाने पर तीनों क्लीनिकों को बंद करते हुए संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। संबंधित क्लीनिक संचालकों को हिदायत दी गई है कि वे तीन दिवस के अंदर क्लीनिक में किए जा रहे ईलाज से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध क्लीनिकों पर कार्यवाही की बात कही गई थी। ब्यावरा क्षेत्र से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि वहां कुछ लोग बगैर लायसेंस के अवैध क्लीनिक खोलकर लोगों का एलोपैथिक पद्धति से ईलाज कर रहे हैं। शिकायत के बाद सीएमएचओ द्वारा एक टीम गठित की गई जिसमें डॉ. राजीव हरिऔध और तहसीलदार विनय कुमार को शामिल किया गया। टीम द्वारा बुधवार को ब्यावरा के तीन क्लीनिकों पर औचक दबिश दी गई।



### तीनों क्लीनिकों को तत्काल करवाया बंद

प्रशासन और स्वास्थ विभाग की संयुक्त टीम ने तीनों क्लीनिकों को तत्काल बंद करवा दिया। संचालकों को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे अगले तीन कार्य दिवसों के भीतर अपने क्लीनिक की अनुमति, चिकित्सकों की योग्यता और किए गए उपचार से जुड़े सभी वैध दस्तावेज सीएमएचओ कार्यालय में जमा करवाएं। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें एफआईआर दर्ज करना और क्लीनिक को स्थाई रूप से सील करना शामिल है।

### यहां-यहां हुई कार्रवाई

जिन तीन क्लीनिकों को बंद करवाया गया है उनमें सिटी क्लीनिक, अवंतिका क्लीनिक और गुरुकृपा क्लीनिक शामिल हैं। इस दौरान तीनों क्लीनिकों पर एलोपैथिक दवाएं और उपकरण पाए गए जिससे स्पष्ट हो गया कि वे अवैध रूप से एलोपैथिक चिकित्सा कर रहे थे।

### सीएमएचओ ने आमजनों से किया आग्रह

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पटेल ने इस कार्रवाई के बाद चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि जिले में झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लीनिकों पर यह इसी तरह अनवरत जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी क्लीनिक पर इलाज कराने से पहले चिकित्सक की योग्यता और क्लीनिक की वैधता की जांच अवश्य करें। मरीजों के स्वास्थ्य और जीवन से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा।

## खबर संक्षेप

### छात्रा की उपलब्धी पर किया सम्मान



**खाचरोद।** कहा जाता है कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती सही मार्गदर्शन एवं सही दिशा में किया गया परिश्रम सदैव सफलता लेकर आता है। इसी कहावत को चरितार्थ किया है। ग्राम झाझनपुरा के सेवा नित्य शिक्षक शंकर लाल बड़ोदिया की पुत्री आरजू बडोदिया ने अपनी काबिलियत के बल पर वर्ष 2025 की हाई स्कूल दसवीं की वार्षिक परीक्षा में 97.5% अंक प्राप्त कर जागडा समाज का नाम रोशन किया। राज्य स्तर पर सुपर 100 की परीक्षा उत्कर्ष रेंक के साथ उत्तीण की। उनकी इस उपलब्धि पर समाज के वरिष्ठ समाजसेवी सेवनित शिक्षक बलवंत सिंह बगाना, पूर्व जांगड़ा समाज अध्यक्ष आष्टा, दिलीप सिंह आंवले, सरपंच किलोद ,समाज सचिव नरबत सिंह सिलोरिया ने बीटीया के निवास पहुंचकर सम्मानित किया।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न हुई

**जावर।** राज्य स्तरीय तलवारबाजी तथा गतका प्रतियोगिता में संभाग के बेहतर प्रदर्शन से ऑल ओवर चैंपियनशिप ट्रॉफी हासिल की, संभागीय दल प्रबंधक अकबर सिद्दीकी ने बताया कि तात्या टोपे स्टेडियम में अयोजित 69 वीं राज्य स्तरीय तलवारबाजी तथा गतका खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 4 अक्टूबर से 8 अक्टूबर के मध्य किया गया। जिसमें भोपाल संभाग सहित 9 संभागों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया के जिसमें भोपाल संभाग के बेहतर प्रदर्शन करते हुए 39 गोल्ड मेडल,23 सिल्वर मेडल 29 कांस्य मेडल प्राप्त कर ऑल ओवर चैंपियनशिप ट्रॉफी प्राप्त की।

### नपा के सम्मेलन में नगर विकास पर कई प्रस्ताव हुए पारित, बैठक से पहले सफाईकर्मियों ने किया हंगामा

# नगर पालिका की वित्तीय आर्थिक हालत खराबः दीपावली से पहले वेतन नहीं मिलने से हड़ताल पर जाने की दी धमकी

सम्मेलन की यह अहम बैठक शुरू होती उससे पहले शहर के सभी सफाई कर्मियों ने बैठक स्थल पर पहुंच कर मांगों को रखा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगरपालिका परिषद आष्टा का महत्वपूर्ण साधारण सम्मेलन नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को नगरपालिका के परिषद सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित किया। जिसमें प्रमुख रूप से विधायक गोपाल इंजिनियर, नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति सहित परिषद के सदस्य मौजूद रहे। लेकिन नपा के सम्मेलन की यह अहम बैठक शुरू होती उससे पहले शहर के सभी सफाई कर्मियों ने बैठक स्थल पर पहुंच कर अपनी मांगों को रखा। वही इस दौरान सफाई कर्मियों ने हंगामा भी किया और नगर पालिका अधिकारियों, अध्यक्ष सहित पार्षदों को भी खरीखोटी सुनाते हुए कहा कि दीपावली का त्योहार सामने है लेकिन अब तक हमारा वेतन नहीं दिया गया है जबकि बैंकों की किश्त बाउंस हो रही है तो त्यौहारों पर खरीददारी करने के पैसे नहीं है और तो और साल का सबसे बड़ा त्योहार दीपावली सामने है बच्चों के लिए कपड़े लेना है, घर की रंगाई पुताई करवाना है और भी घर की कई जरूरत पूरी करना है लेकिन अब तक हमारा वेतन नहीं दिया गया है और काम के लिए 24 घंटों में कभी भी फोन लगाकर काम करवाया जाता है लेकिन समय पर वेतन नहीं दिया जाता है इस दौरान सफाई कर्मियों ने धमकी दी है कि यदि दीपावली से पहले वेतन नहीं दिया गया तो हम सब सफाईकर्मी हड़ताल पर चले जायेगे! इस दौरान इन सफाई कर्मियों की तरफ से राहुल वाल्मीकि ने पुरी बात को रखा। वही नगर पालिका सीएमओ विनोद प्रजापति ने दीपावली से पहले वेतन डालने का आश्वासन दिया।

### किस्तें बाउंस हो रही है,10 तारीख से पहले वेतन भुगतान की मांग उठाई

सफाई कर्मियों ने मांग की है की हमें प्रतिमाह की 10 तारीख तक वेतन दिया जाये ताकी हमारी लोन की किस्तें ओवर ड्यू न हो तथा परिवार के भरण पोषण में परेशानी न हो। वही प्रतिमाह हमारे वेतन से कटने वाली इ.पी.एफ. व जी.पी.एफ. व एन.पी.एस. राशि प्रतिमाह वेतन के साथ हमारे इ.पी.एफ. व जी.पी.एफ. व एन.पी.एस. खातो में डाली जाये। वही पिछले महीनों/सालों से इ.पी.एफ. व जी.पी.एफ. व एन.पी.एस. जमा नहीं किया गया हे वो भी डाला जाये। इस दौरान सफाई कर्मियों ने दो वर्षों का पीएफ नहीं देने का आरोप लगाते हुए कहा कि आउट सोर्स के ठेकेदार ने दो साल का पीएफ का भुगतान नहीं किया है और इसकी जवाबदेही कोई भी लेने का अधिकारी लेने को तैयार है ऐसे में हमारे 2 साल के पीएफ का भुगतान कौन करेगा..? वही सफाई कर्मियों ने आउट सोर्स के नए ठेकेदार के कलेक्ट्रेट रेट पर वेतन नहीं देने का भी आरोप लगाया है और उक्त ठेकेदार को हटाने की मांग की है।

### नपा की परिषद बैठक में हुए अनेक नगरविकास के निर्णय सर्वसम्मति से पारित

नगरपालिका परिषद का साधारण सम्मेलन विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य एवं नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता तथा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति तथा पार्षदों की विशेष उपस्थिति में नगरपालिका के परिषद सभागार में संपन्न हुआ। नगर विकास की इस महत्वपूर्ण बैठक में 23 प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हुआ, जिनमें 21 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए, वहीं 2 प्रस्ताव पर असहमति व्यक्त की गई। नगर सहित आष्टा अंचल का होगा सर्वांगिण विकास - बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने परिषद सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आष्टा तहसील सहित नगर के सर्वांगिण विकास में हम कोई कमी नही आने देंगे। आप सभी सदस्यगण नपा की तकनीकी टीम के साथ अपने-अपने वार्ड की कार्ययोजना बनाएं, जिसे हम वरिष्ठ कार्यालय से स्वीकृत कराकर नगर हित में विकास कार्य कराएंगे। नपा की आय बढ़ाने रिक्त भूमि के आवंटन पर बनी सहमति - वार्ड क्रमांक 18 मारूपुरा में स्थित रिक्त शासकीय भूमि, वार्ड क्रमांक 17 बुधवारा में स्थित पुराने शासकीय स्कूल भवन, नवीन बायपास हॉस्पिटल के समीप स्थित भूमि खसरा नंबर 19 शासकीय भूमि, रेस्ट हाउस पुलिया से पांडूशिला पुलिया तक पुराना इंदौर भोपाल रोड़ स्थित शासकीय भूमि, वार्ड 15 स्थित नए दशहरामैदान की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 430/1/1/1 को पूर्ण व्यवस्थित करने, वार्ड 18 पुराना इंदौर-भोपाल स्थित पुराना सीएम राईज स्कूल की भूमि पर गीता भवन विकसित करने तथा वार्ड 4 किला स्थित पुरानी तहसील की भूमि, पुराने इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर स्थित शनि मंदिर के समीप रिक्त शासकीय भूमि पर शहीद स्मारक का निर्माण करने, किलेरामा के समीप पपनास नदी के पास स्थित भूमि खसरा नंबर 26/1 शासकीय रिक्त भूमि पर गौशाला प्रयोजन हेतु, अलीपुर में भोपाल-इंदौर रोड़ पर दूध डेयरी के सामने स्थित शासकीय रिक्त भूमि खसरा क्रमांक 135 को नगरपालिका हित में आवंटन करने पर सर्वसम्मति से विचार-विमर्श कर प्रस्ताव पारित किया गया। डे-केयर सेंटर का होगा पुर्ननिर्माण - नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार पूर्व में नपा कार्यालय के सामने डे-केयर सेंटर का निर्माण वृद्धजनों की सुख-सुविधाओं के लिए किया गया था, किंतु उक्त योजना के बंद होने के कारण डे-केयर सेंटर बंद हो गया। परिषद द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए उक्त डे-केयर सेंटर का पुनः विकास कार्य कराने का निर्णय नगरहित में लिया गया है। वहीं कन्नौद रोड़ काला तालाब पर विकसित किए गए फूड-जॉन की निविदा दर पर वित्तीय दर ऑफर लेने को सर्वसम्मति से पारित किया गया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने बताया कि वार्ड क्रमांक 18 स्थित नवनिर्मित नपा की दुकानों के ऊपर कमर्शियल हॉल का निर्माण करने, कृषि उपज मंडी स्थित निर्मित ब्लॉक सी एवं डी तथा पुराने फिल्टर प्लांट के सामने स्थित दुकानों की छत को पट्टे पर उच्चतम प्रीमियम भू-भाटक पर देने को भी सर्वसम्मति दी गई।

### खेड़ापति कमल तालाब में चलेगी नाव

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि परिषद द्वारा कमल खेड़ापति तालाब पर नागरिकों के मनोरंजन व तालाब की सुंदरता बढ़ाने के उद्देश्य से बोटिंग कार्य को मंजूरी दी गई है। वहीं प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को आगामी किश्त प्राप्त करने हेतु माह अक्टूबर तक निर्माण पूर्ण किए जाने की सूचना देने संबंधी प्रस्ताव को भी पारित किया गया।

### अलीपुर चौराहे का होगा नामकरण

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि पार्वती नगर अलीपुर का नाम डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से किए जाने हेतु परिषद ने एकमत होकर निर्णय लिया, अब शीघ्र ही अलीपुर चौराहा बाबा साहब के नाम से जाना जाएगा। पशु पंजीयन ठेका वित्तीय वर्ष की निर्धारित दर में संशोधन करने, मुक्तिधाम परिसर में स्थित सार्वजनिक सुलभ कॉम्पलेक्स को मुक्तिधाम समिति को आम नागरिकों के लिए निःशुल्क रखरखाव व संचालन किए जाने वाले प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति दी गई। बैठक में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, पार्षदगण कमलेश जैन, डॉ. राजकुमार मालवीय, हिफ्फजुर्रहमान भैया मियां, मेहमूद अंसारी, आरती नामदेव, तस्कीन शेखरईस, नूरजहां कुरैशी, जाहिद गुड्डू, अनिता कालू भट्ट, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, अंजनी चौरसिया, लता तेजपाल मुकाती सहित नपा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे। वही इस महत्वपूर्ण सम्मेलन से तीन पार्षदों का गायब रहना भी चर्चा का विषय रहा।

## अखंड ज्योती कार्यक्रम का गरबे के साथ हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



ग्राम खाचरोद में स्थित 200 वर्ष पुराने प्राचीन मां अंबे के मंदिर में नवरात्रि के प्रथम दिन से चल रहा अखंड ज्योति के कार्यक्रम का गुरुवार को गरबा विसर्जन के साथ समापन हो गया। पिछले 15 दिनों से मां अंबे के दरबार में हवन पूजन तुलादान व महाआरती का कार्यक्रम चल रहा था। जहां आसपास ग्रामीण क्षेत्र के धर्म प्रेमी बंधुओं ने अपनी मन्नत पूरी होने पर माता के मंदिर में आकर अपने बच्चों का तुलादान कर मां अंबे से आशीर्वाद लिया। ग्राम वासियों ने हवन पूजन महा आरती कन्या भोज भंडारे का आयोजन किया। जहां समस्त ग्राम वासियों ने प्रसादी ग्रहण की शुक्रवार को गरबा विसर्जन के साथ मां अंबे की ज्योति का जुलूस ग्राम के मुख्य मार्गों से होता हुआ ग्राम में स्थित तालाब पर पहुंचा। जहां महा आरती के बाद ज्योति का विसर्जन किया गया। इस मौके पर पंडित दिनेश शर्मा राजेश जोशी मांगीलाल पटेल, पवन ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, गोलू ठाकुर, वीरेन ठाकुर, हरेंद्र ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, लखन ठाकुर, सोनू राजपूत, अर्पित भाटी, हेमंत ठाकुर, हरिओम ठाकुर, टिंकू ठाकुर, सुशील विश्वकर्मा, राजकुमार भाटी, गोपाल ठाकुर व नवदुर्गा समिति के सभी सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सरकार प्रदेश के सभी किसानों के साथ बहुत ज्यादा अन्याय कर रही हैः सज्जन सिंह वर्मा





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर ने तहसील कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर किसानों की खराब फसल का मुआवजा, फसल बीमा, सोयाबीन का भाव, प्याज, लहसुन का भाव उच्च गुणवत्ता वाले खाद बीज की कमी बंद सेल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी को चालू करने अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। कमल सिंह पहलवान, दशरथ सिंह पटेल मुरावर व जावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा की सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री होने के बावजूद भी सीहोर जिले को मुआवजा व बीमा में छोड़ दिया, जो की किसानों के साथ अन्याय है। सज्जन सिंह वर्मा ने चारों विधायकों को आड़े हाथों लेते हुए कहा की आज कि स्थिति बहुत ही दयनीय है। वर्मा ने कहा की शिवराज चौहान पिछले 18 वर्ष से मुख्यमंत्री काल में झूठ बोल रहा है। इसीलिए मोदी ने एक झूठ व्यक्ति को केंद्रीय कृषि मंत्री बनाया ताकि वह लोगों को झूठ बोलकर बेवकूफ बना सके। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि किसानों की फसल एमएसपी दर पर सरकार को खरीदना चाहिए ना की भावांतर के भवर में किसानों को नहीं उलझाना चाहिए चौहान ने किसानों की मांगों को लेकर सरकार को आगाह किया कि अगर किसानों की मांग जल्दी ही नहीं मानी गई और सोयाबीन का भाव नहीं बढ़ाया गया तो हम उग्र रूप से सरकार का घेराव करेंगे और ईंट का जवाब पत्थर से देंगे। पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल ने भी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को आगे आना पड़ेगा अपने हक की लड़ाई खुद लड़ना पड़ेगी। जिले का राजस्व मंत्री होने के बाद में भी किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया जबकि फसल पूर्ण रूप से खराब है। सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि सरकार को किसानों की सोयाबीन की फसल का भाव 7000 करना चाहिए। स्थानीय लोगों को रोजगार के लिए सेल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी को चालू करने की बात कही नहीं तो और बड़ा आंदोलन करेंगे। एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर ने सरकार की बहुत सारी कमियां की बताई पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने सरकार को आड़े हाथो लिया। और किसान विरोधी है युवा नेता जीवनराज द्रविड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार संविधान खत्म करना चाह रही है। और किसानों के साथ अन्याय कर रही है। कार्यक्रम को जनपद पंचायत सोनकच्छ अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर ,ब्लॉक कांग्रेस आष्टा अध्यक्ष जितेंद्र शोभा खेड़ी, ब्लॉक ग्रामीण अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी ,ब्लॉक कांग्रेस पीपलरावा अध्यक्ष जितेंद्र राणा ,इछावर ब्लॉक अध्यक्ष बलवान पटेल ,कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी कमल सिंह चौहान ,किसान नेता महेंद्र सिंह ठाकुर, रमेश चंद्र मुकाती, डॉ भीष्म सिंह ठाकुर, गुलाब बाई ठाकुर ,डॉ मीना सिंगी, शोभाल सिंह मुगली, महेंद्र सिंह टीपा खेड़ी, एच आर परमाल, मनोहर लाल पंडितीया, जगदीश चौहान, जफर लाल, धर्मेंद्र सिंह मेमदाखेड़ी, आत्माराम परमार आदि नेताओं ने संबोधित किया इस अवसर पर।

## बाजार बंद कर गौ सेवकों ने जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर




गौ तस्करी के आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल एवं हिंदू संगठन के आह्वान पर गुरुवार को अहमदपुर का बाज़ार दोपहर 2 बजे तक पूर्णतः बंद रहा। दोपहर 2 के बाद बाजार खुल गया बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर के प्रमुख मार्गों से विशाल जुलूस निकाला और थाना परिसर में नायब तहसीलदार धनजी मालवीय को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की गई, गौरतलब है के बीते दिनों परवलिया पुलिस और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक फोर व्हीलर गाड़ी में गो मास की तस्करी करने वाले गाड़ी को पकड़ा था और पुलिस के हवाले कर दिया थामामला सिकंदरगंज दौराहा निवासी मूवीन अली से जुड़ा है, जिसे हाल ही में गौ तस्कर के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। हिंदू संगठनों ने प्रशासन पर दबाव बनाते हुए मांग की है कि इस तरह के अपराधों में लिप्त व्यक्तियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) जैसे कड़े प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाए। गोमांस तस्कर आरोपियों के फांसी की सजा दी जाए कार्यकर्ताओं ने नारेबाज़ी करते हुए बाज़ार में शांतिपूर्वक मार्च किया दोराहा के सिकंदर गंज निवासी आरोपी पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है जुलूस में संगठन के अहमदपुर प्रखंड अध्यक्ष, नगर संयोजक समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि गोमांस की तस्करी करने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होना चाहिए।

### भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनाई वाल्मीकि जयंती

## महर्षि ने समाज को दिया समानता, सत्य और धर्म का संदेशः विधायक





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भाजपा आष्टा द्वारा आज रामायण महाकाव्य के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि वाल्मीकि जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

भाजपा नगर मंत्री एवं वाल्मीकि महापंचायत जिला अध्यक्ष राजेश घेंघट ने इस अवसर पर कहा कि "महर्षि वाल्मीकि ने समाज को समानता, सत्य और धर्म का संदेश दिया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का मंत्र भी इन्हीं महान आदर्शों से प्रेरित है।

महर्षि वाल्मीकि समाज के उत्थान और समरसता के प्रतीक हैं। भारतीय जनता पार्टी सदैव संत परंपरा और समाज के हर वर्ग के सम्मान के लिए कार्य करती रही है। कार्यक्रम के दौरान विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, राय सिंह मेवाड़ा, विशाल चौरसिया, रूपेश राठौर, मनीष धारवा, सुमित मेहता आदि पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## गांव में चलाया दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कलेक्टर व उपसंचालक पशुपालन व डेयरी विभाग डॉ. आरपीगौतम के मार्गदर्शन में अभियान के तहत पशु पालकों के घर-घर जाकर संपर्क किया जा रहा है। गुरूवार को ग्राम मुदीखेड़ी और मालाखेड़ी में उपसंचालक व डॉ.उदय सिंह माहेश्वरी ने अपने दल सहित पशुपालकों से संवाद किया। जिसमें पशुपालकों से पशुओं के रख रखाव, स्वास्थ्य और पोषण, टीकाकरण, नस्ल सुधार, सेक्स सॉर्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान, पशु आहार रूप में साइलेज व अजोला दुधारू पशुओं को खिलाने आदि के संबंध में संवाद किया। दुधारू पशुओं के पशु आहार पर होने वाले अधिक व्यय को कम कर आय में वृद्धि करने के बारे में पशुपालकों को मार्गदर्शन दिया।